26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 26 नवम्बर, 2025

अंक- 33 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# आतंकी उमर नबी का सातवां मददगार शोएब गिरफ़्तार

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** लाल किले के पास हुए कार बम धमाके के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। एनआईए ने फरीदाबाद से शोएब नामक एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शोएब ने आतंकी उमर नबी को धमाके से ठीक पहले न केवल पनाह दी, बल्कि लॉजिस्टिक सपोर्ट भी मुहैया कराया था। इस गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सात हो गई है।

सूत्रों के अनुसार, शोएब की गिरफ्तारी के बाद मामले की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शोएब को पहले भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और फिर छोड़ दिया गया था। हालांकि, ताजा खुलासों के बाद उसे दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह भी बताया जा रहा है कि शोएब ही मुख्य आतंकी डॉक्टर उमर को मेवात और नूंह जैसे इलाकों में ले गया था। वहां पर डॉक्टर उमर शोएब की बहन की घर ही ठहरा था।

गिरफ्तारी का यह महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब एक अन्य गिरफ्तार आरोपी डॉक्टर मुज्जमिल ने पूछताछ के दौरान शोएब के घर का खुलासा किया। डॉक्टर मुज्जमिल की निशानदेही पर एनआईए ने शोएब के घर से कुछ महत्वपूर्ण चीजें बरामद की हैं, जिनमें एक ग्राइंडर और अन्य सामग्रियां शामिल हैं।

यह माना जा रहा है कि इन सामग्रियों का इस्तेमाल बम बनाने या अन्य आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा सकता था। एनआईए शोएब से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि इस आतंकी मॉड्यूल के अन्य सदस्यों और उनके नापाक इरादों का पता लगाया जा सके। दिल्ली के लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर 2025 को एक कार में हुए धमाका हुआ था। इस धमाके में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

# शिवम की हत्या में गांव का नन्हे गिरफ्तार

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग स्थित ग्राम भटियाना खुशहालपुर में 20 नवंबर गुरुवार को हुई शिवम की हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करने का दावा करते हुए नामजद आरोपी हरेंद्र उर्फ नन्हे पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम भटियाना खुशहालपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे व कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी नामजद युवक हरेंद्र उर्फ नन्हे को गिरफ्तार कर लिया गया है ,उससे पूछताछ की जा रही है। मृतक 24 वर्षीय शिवम के ताऊजी कल्याण सिंह ने बताया कि उनके परिवार की हरेंद्र उर्फ नन्हे व उसके पिता जयपाल सिंह से पुरानी रंजिश चली आ रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त की आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर ही शिवम की हत्या की है। उन्होंने बताया कि शिवम अपने परिवार में इकलौता पुत्र था। वह गांव में खेतीबाड़ी ना होने के कारण जम्मू कश्मीर में प्राइवेट नौकरी करता था। इन दिनों वह गांव आया हुआ था। 20 नवंबर की रात को जब वह अपने चचेरे भाई के यहां से अपने घर वापस आ रहा था तो गांव की सुनसान सड़क पर हमला करके उसकी हत्या कर दी गई। हमले में उसके सर, नाक आंख आदि पर गंभीर चोटें आई थी। मृतक की मां शीला देवी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

# नजीबाबाद में शोक की लहर



मरहूम काजी आईएच जकी

**मुस्लिम फण्ड नजीबाबाद के संस्थापक एवं समाजसेवी काजी आईएच जकी की मौत से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। जकी साहब ने आज दोपहर अंतिम सांस ली। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका दफीना बाद नमाज ए इशा जलालाबाद के कब्रिस्तान में होगा। मरहूम काजी प्रसिद्ध कारोबारी व समाजसेवी होने के साथ-साथ हिन्दू-मुस्लिम एकता और भाईचारे के भी प्रतीक थे।**

**( विस्तृत समाचार पेज 10 पर )**


# शत शत नमन



स्व. बुद्ध सिंह चौहान

संरक्षक

श्री हनुमान धाम, किरतपुर

प्रथम पुण्यतिथि पर हमारी ओर से

हार्दिक श्रद्धांजलि

-शोकाकुल-

श्रीमती दयावती ( पत्नी )

प्रदीप चौहान पत्रकार एवं संतोष कुमार ( पुत्रगण )

वंश चौहान, नेहा चौहान, अदविका चौहान, मकरध्वज चौहान एवं अन्य परिजन

निवासः मौहल्ला चौहानान, किरतपुर (बिजनौर)



आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल


तत्सव हेल्थ केयर

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर

तत्सव HEALTHCARE

निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

सम्पर्क सूत्र : 8279960281



डॉ. शुभम अग्रवाल

MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)

पूर्व चिकित्सक

शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ

MBBS, MS (ENT)

मिलने का समय :

सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक

शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट मनोरोग विशेषज्ञ

MBBS, MD

मिलने का समय :

दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)



सुविधाऐं :

- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

# भारत विकास परिषद ने आयोजित किया सामूहिक सरल कन्या विवाह

## आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का कराया विवाह



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद् कोटद्वार के तत्वावधान में सामूहिक सरल कन्या विवाह समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर दो कन्याओं का विवाह हुआ। तड़ियाल चौक स्थित निधिबन बैंकट हॉल में आयोजित उक्त विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ वर- वधु के जयमाल के साथ व विधानसभा अध्यक्षा श्रीमती ऋतु खण्डूरी भूषण व भारत विकास परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष ललित पाण्डेय के आशीर्वचन के साथ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर भारत विकास परिषद् समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रही है। भारत विकास परिषद् बिना किसी प्रचार-प्रसार एवं एक सरल तरीके से कार्यक्रम आयोजित करती है।

समारोह संयोजक कैलाश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर आयु. तुलसी संग चि. दीपक कुमार व आयु.आरती संग चि. अमित कुमार का विवाह वैदिक मंत्रों के साथ पूर्ण हिन्दू रीति - रिवाज से पं. जानकी प्रसाद द्विवेदी के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि परिषद की ओर से सभी वर-वधू को सभी जीवनोपयोगी वस्तुएं दीवान, बिस्तर, बर्तन, फर्नीचर, कपड़े व कानों के कुण्डल, मंगलसूत्र एवं पाजेब इत्यादि सामग्री भेंट स्वरूप दी गई। विवाहों का खर्चा परिषद् ने जनसहयोग से स्वयं वहन किया। सम्पूर्ण मांगलिक कार्यक्रम के अन्त में फेरों के उपरान्त कन्याओं की विदाई की गयी। उन्होने बताया कि परिषद् द्वारा अब तक 64 कन्याओं के विवाह किये जा चुके है। समारोह का संचालन तोताराम पांथरी ने किया। इस अवसर पर नगर निगम के मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत, पूर्व केबिनेट मन्त्री सुरेंद्र सिंह नेगी, निवर्तमान महापौर श्रीमती हेमलता नेगी, चन्द्र प्रकाश शर्मा ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल सुंदर, सचिव प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, संयोजक कैलाश चन्द्र अग्रवाल, सह संयोजक राजेन्द्र जखमोला, तोताराम पांथरी, सेवकराम मानुजा, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, राजदीप माहेश्वरी, सुनील गुप्ता, श्रीकृष्ण सिंघानिया, राधेश्याम शर्मा, मिनाक्षी शर्मा, संजय अग्रवाल, मोहन सिंह रावत, अवधेश अग्रवाल, मनोज नैथानी, गोपाल कुकरेती, अनूप बड़थ्वाल, शरत चन्द्र गुप्ता, धनेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, धर्मदीप अग्रवाल, शीला कुकरेती, सुनीता अग्रवाल, रीता जखमोला, मंजू बड़थ्वाल, राजबाला अग्रवाल, निधि गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

# बसपा के नंदराम प्रजापति मंडल प्रभारी बने


नंदराम प्रजापति

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो बहन कु. मायावती के निर्देशानुसार मुरादाबाद मंडल का नजीबाबाद निवासी नंदराम प्रजापति को मंडल प्रभारी बनाया गया है। नंदराम प्रजापति बसपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष, प्रभारी व जिला महासचिव आदि पदो पर रह चुके हैं। इसके लिए नंदराम प्रजापति ने बहन कु. मायावती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी को काम तन-मन-धन से पूरी ईमानदारी से आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# मोटा महादेव पर रोडवेज बस के स्टॉप का शुभारंभ


नए बस स्टॉप पर मौजूद डिपो स्टाफ व भाकियू नेता।

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह के प्रयास से मंडावली क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर मोटा महादेव पर रोडवेज बस डिपो का एक बस स्टॉप बनवाया गया। मंगलवार को मोटा महादेव मंदिर पर रोडवेज बस डिपो नजीबाबाद के एआरएम राम प्यारे प्रसाद, स्टेशन इंचार्ज अरूज मेहंदी, बुकिंग क्लर्क आसिम हुसैन, तकनीकी सुपरवाइजर नजीबाबाद तरुण बिश्नोई मोटा महादेव पर पहुंचे। संगठन के पदाधिकारियों ने रोडवेज बस डिपो नजीबाबाद के स्टाफ का माल्यार्पण कर स्वागत किया। चौधरी बलराम सिंह ने मोटा महादेव शिव मंदिर के समीप रोडवेज बस का स्टॉप बनने पर क्षेत्र की जनता के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बताई। इस मौके पर जितेंद्र सिंह देशवाल, नवीन राजपूत, मुनेंद्र सिंह, हिमांशु चैधरी, अजीत सिंह, राजीव कुमार, मोहम्मद नजर, पुनीत चैहान, अमित प्रताप, ऋषभ, अतुल, भूपेंद्र चौधरी, तरुण कुमार, राहुल कुमार, मगन सिंह, कमल सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा नेता के वालिद के इंतकाल पर शोक जताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** कस्बा साहनपुर निवासी भाजपा नेता अजीम अहमद के वालिद मौहम्मद नईम एडवोकेट के इंतकाल पर कस्बे के लोगों ने भारी शोक व्यक्त किया है। बड़ी संख्या में क्षेत्र के डॉक्टरों, अधिवक्ताओं, सामाजिक व राजनीतिक लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त की।

# उत्तर प्रदेश में एसआईआर को लेकर कांग्रेस गंभीरः शाहनवाज आलम


कांग्रेस नेता शाहनवाज आलम का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम का नजीबाबाद में कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनीस विशाल अंसारी के निवास वाहिदनगर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार से स्वागत किया।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने कहा कि कांग्रेस चुनावों में वोट चोरी रोकने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है। राहुल गांधी समय-समय पर किस तरह से देश में चुनावों के दौरान हो रही वोट चोरी के खुलासे कर जनता को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में भारी धांधली हुई है। जिससे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगा है।

बिहार के चुनाव परिणाम से जनता व सत्तापक्ष आश्चर्य में है। उन्होने कहा कि बिहार में हार का एक कारण एसआईआर भी है। मुस्लिम समाज एसआईआर को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी एसआईआर को लेकर कई प्रदेशों में जागरूकता अभियान चलाएगी। उत्तर प्रदेश में भी एसआईआर को लेकर पार्टी बहुत काफी गंभीर है। उन्होंने सभी से एसआईआर को लेकर सतर्क रहने की अपील की। कांग्रेस एसआईआर को लेकर काफी गंभीर है। इसके लिए अगले माह एक बहुत बड़ी रैली होने जा रही है। इस मौके पर मुजफ्फरनगर के कांग्रेस कोर्डिनेटर चितवन शर्मा, पीसीसी प्रवक्ता तमजीद अहमद, कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष वसीम अकरम, पूर्व मंत्री ओमवती, पूर्व आईएएस आरके सिंह, जिला सचिव सलाहुद्दीन सैफी, नगराध्यक्ष रईस कुरैशी, राकेश शर्मा, नदीम फारूकी, नईमुल अख्तर, अकरम खां, डॉ. इलियास अंसारी, शराफत चौधरी, वसीम अख्तर आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर में कोई भी पात्र मतदाता ना छूटे : तपराज सिंह


एसआईआर की समीक्षा करते ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह।

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** प्राथमिक विद्यालय मंडावली में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने पहुंचकर एसआईआर को लेकर निरीक्षण कर विद्यालय में उपस्थित बीएलओ से एसआईआर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा कर बीएलओ पूनम रानी, आरिफ, अल्पना मौर्या को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र मतदाता ना छूटे, सभी पात्र मतदाता के फॉर्म सही क्रम में भरकर ऑनलाइन करें। ग्रामीणों को एसआईआर के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने आंगनबाड़ी, आशा, समूह, पंचायत सहायक से भी बीएलओ का सहयोग करने के लिए कहा। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, भागूवाला मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, उपाध्यक्ष सचिन देशवाल, अनुज चौधरी, मनोज राठी, हरपाल सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद आदि मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मीरमपुर बेगा, सैफाबाद, औरंगपुर बसंता, मोहनपुर आदि गांव में एसआईआर के संबंध में दौरा कर जागरूक किया।

# अधिवक्ताओं ने सांसद का घेराव किया, उनके आवास पर धरना भी दिया



सांसद चौहान को ज्ञापन देते हुए अधिवक्ता।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हाईकोर्ट बेंच स्थापना संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर बिजनौर जनपद के अधिवक्ताओं ने आज मुजफ्फरनगर पहुंचकर सांसद चंदन चौहान का घेराव कर उनके निवास पर धरना दिया।

जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष यशपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेश चाहल तथा सचिव विशाल अग्रवाल ने बताया कि हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति की एक बैठक 15 नवंबर को कैराना में हुई थी, जिसमें निर्णय लिया गया कि 26 नवंबर को पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों की बार एसोसिएशनों के

## हाईकोर्ट बैंच की मांग

अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहकर सांसदों के निवास पर धरना देंगे तथा उन्हें ज्ञापन देकर उनसे अनुरोध करेंगे कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान वे पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग उठाएं। इसी क्रम में जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अधिवक्ता भी आज न्यायिक कार्यों से विरत रहे। अध्यक्ष यशपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेश चाहल, सचिव विशाल अग्रवाल, अर्पण जंघाला, जितेंद्र कुमार सालान, अंबिका राणा, नरपाल सिंह, जावेद सईद सहित अनेक अधिवक्ता बुधवार की प्रातः मुज़फ्फरनगर पहुंचे तथा सांसद चंदन चौहान के निवास पर धरना देकर बैठ गए। धरने पर जानसठ बार के अध्यक्ष शशि सैनी, सचिव, पूर्व उपाध्यक्ष रमेशचंद्र, लवकुश चौधरी आदि भी मौजूद रहे। करीब एक घंटा धरने पर बैठने के बाद अधिवक्ताओं ने सांसद चंदन चौहान को ज्ञापन दिया, जिसमें पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापित करने की मांग की गई तथा उनसे संसद के शीतकालीन अधिवेशन में इस मांग को जोर-जोर से उठाने का आग्रह किया। सांसद ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि संसद में उनकी मांग जोर-जोर से उठाई जाएगी तथा कानून मंत्रालय से भी इस संबंध में वार्ता की जाएगी।

# नहटौर के वी.के. परिवार ने कवि कुमार विश्वास को किया सम्मानित

**नहटौर ( चिंगारी )।** हापुड़ के पिलखुवा में आयोजित 'अपने-अपने राम' कथा में नहटौर के वीके परिवार ने प्रतिभाग करते हुए कवि कुमार विश्वास को नहटौर नगर में आने का भी निमंत्रण दिया गया। छात्र के द्वारा बनाया स्कैच भी कवि को भेंट किया। पिलखुवा में आयोजित 3 दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए नहटौर से भी काफी संख्या में श्रद्धालु गए थे। वीके इंटरनेशनल स्कूल नहटौर के कक्षा नौवीं के छात्र वासु सैनी द्वारा बनाये स्केच को वीके परिवार ने कवि कुमार विश्वास को देकर सम्मानित किया। कवि कुमार विश्वास द्वारा छात्र के बनाए गए स्कैच की सराहना की। कार्यक्रम में नहटौर के वीके परिवार द्वारा कवि कुमार विश्वास को नहटौर नगर आने का निमंत्रण दिया। शिल्पी अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, विजय गोयल, प्राची गोयल, निधि अग्रवाल एवं प्रार्थना अग्रवाल ने कवि के माता-पिता से भी भेंट की।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# अभिनेत्री उर्मिला ने फिर किया सुरेश राठौर की पत्नी होने का दावा

## बोलीं- नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में किया था गंधर्व विवाह

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** ज्वालापुर के पूर्व विधायक सुरेश राठौर की पत्नी होने का दावा कर रही सहारनपुर निवासी अभिनेत्री उर्मिला सनावर ने मंगलवार को हरिद्वार पहुंचकर दावा किया कि उन्होंने और सुरेश राठौड़ ने नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में गंधर्व विवाह किया। मैं पत्नी का हक मिलने तक संघर्ष करती रहूंगी। मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान अभिनेत्री ने भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर के साथ ली गई तस्वीरों को भी मीडिया के सामने रखा। आरोप लगाया कि उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। विवाह एक पवित्र रिश्ता है। सुरेश राठौड़ उनके पति हैं, लेकिन उनके रिश्तेदारों की ओर से उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा के सदस्य होने और ज्वालापुर विधानसभा सीट से चुनाव की तैयारी करने का दावा करते हुए उर्मिला सनावर ने कहा कि कई विवादों के बाद सहारनपुर में प्रेस वार्ता के दौरान सुरेश राठौर ने उन्हें पत्नी स्वीकार किया था। उन्होंने करवा चौथ का व्रत भी रखा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि वह सुरेश राठौर की पत्नी हैं और उन्हें उनका हक मिलना चाहिए।



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## कट्टरता बनाम आतंकवाद

लोकतंत्र कमजोर होने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के भीतर से बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिकता के जन्म लेने से फासीवाद का खतरा पैदा होता है जिसका जघन्य रूप दुनिया अतीत में हिटलर, मुसोलिनी आदि के रूप में देख चुकी है। किसी एक धर्म की कट्टरता दूसरे धर्म की कट्टरता को बढ़ावा देती है जिसका नतीजा असहिष्णुता, घृणा व हिंसा के रूप में सामने आ सकता है। वैसे तो धार्मिक कट्टरता उसी धर्म के अनुयाइयों को ज्यादा प्रभावित करती है, पर इसका शिकार मुख्यत: महिलाओं तथा वंचित समूहों को होना पड़ता है। दुनिया के विकसित देश जहां महिलाओं को जीवन के अनेक क्षेत्रों में समान अधिकार दे रहे हैं, वहीं अनेक इस्लामी देशों में आज भी इस्लाम की कट्टरपंथी व्याख्या के कारण महिलाओं को पर्दे और घरों की कैद में रखा जाता है। आमतौर से उम्मीद की जाती है कि महिलायें इन प्रतिबंधों का विरोध कर लोकतंत्र, समानता और न्याय को बढ़ावा देने के लिए संघर्ष करेंगी, लेकिन विडंबना है कि इस्लाम की गलत व्याख्या के चलते महिलाओं को रुढ़िवादिता की बेड़ियों ने जकड़ रखा है। विज्ञान और तकनीक के विकास से उम्मीद की जाती थी कि इससे धार्मिक कट्टरता समाप्त होगी तथा वैज्ञानिक चिंतन व लोकतंत्र को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन विडंबना है कि कुछ देशों में विज्ञान और तकनीक की उपलब्धियों का प्रयोग घातक बम बनाने तथा निरपराध लोगों की बड़े पैमाने पर हत्या के लिए आतंकियों द्वारा किया जा रहा है। उर्वरकों तथा बाजार में खुलेआम बिकने वाले अनेक रसायनों व सामग्रियों से बम व विस्फोटक बनाने तथा लोगों के भोजन-पानी में घातक जहर मिलाने का प्रयोग आतंकी संगठन कर रहे हैं। व्यापार व वाणिज्य के विकास व विस्तार के कारण बाजार में बिक रहे अनेक प्रकार के रसायनों व अन्य सामग्रियों पर प्रतिबंध या नियंत्रण बहुत कठिन है, ऐसे में ये आतंकियों के लिए कच्चे माल का काम कर सकते हैं। इंटरनेट व संचार साधनों के विस्तार ने जहां दुनिया भर की पुलिस और खुफिया एजेंसियों को आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने और उनकी पहचान के व्यापक साधन उपलब्ध कराये हैं, वहीं आतंकी संगठनों को भी एकजुट होने में सहायता की है।

# बिजली की समस्या को लेकर हुये बवाल के मामले में 14 लोग बरी
# अदालत ने सारिका चौधरी सहित तीन को मामूली सज़ा करी

**नहटौर ( चिंगारी )।** 15 साल पहले बिजली की समस्या को लेकर सारिका चौधरी के नेतृत्व में आंदोलन के दौरान नहटौर में हुए बवाल मामले में न्यायालय ने संगीन धाराओं में नामजद 14 लोगों को दोषमुक्त पाते हुए बरी कर दिया। वहीं, सारिका चौधरी सहित तीन लोगो को मामूली सजा हुई। जिन्हें मुचलके पर रिहा कर दिया गया।


सारिका चौधरी

15 साल पहले के बहुचर्चित मामले का मंगलवार को फैसला आया। फैसला आने से पहले ही कोरोना काल के दौरान नामजद निशात अहमद की मृत्यु हो गयी थी। नामजद लोगों की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट नबील अहमद ने बताया अपर जिला सत्र न्यायाधीश सुबोध कुमार द्वारा मामले में नामजद आरोपी जहीन अंसारी, चांद मियां, गुलशाद, दिलशाद, रियासत उर्फ बोंटिस सभासद, आबिद, इमरान उर्फ छंगा, अंकुर जैन, इमरान पुत्र मुल्ला इकराम, जहांगीर जैदी, नजमी उर्फ नज़मीन कासिम, राहुल वाल्मीकि, रईस आकाशी दोष मुक्त पाए जाने पर बरी किये गये। साथ ही सारिका चौधरी को 3 माह, पाँच हज़ार जुर्माना तथा अतीकुर्रहमान और सलीम अहमद को 6-6 माह की सजा एवं 6 हज़ार का जुर्माना लगाया है। फैसला आने के बाद सजा पाने वाले लोगों को मुचलके पर रिहा कर दिया।

## यह था मामला

**31 मई 2010 में बिजली कटौती की समस्या को लेकर नहटौर में बिजलीघर पर बड़ा आंदोलन हुआ था। पूर्व इंडियन जस्टिस पार्टी एवं वर्तमान में आम आदमी पार्टी नेत्री सारिका चौधरी के नेतृत्व में आंदोलन हुआ था। प्रशासन ने सारिका चौधरी सहित 26 लोगों को नामजद व सैकड़ों अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी, जानलेवा हमला, मार्ग अवरुद्ध करने सहित अनेक संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस मौके से सारिका, अतीकुर्रहमान, सलीम ओर निशात को गिरफ्तार किया था। बताया जाता है कि 26 नामजद लोगों में से 18 लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी।**

## एडवोकेट नबील अहमद बने मददगार



**नहटौर ( चिंगारी )।** बसपा शासन काल कर दौरान 15 साल पहले बिजली आंदोलन को लेकर हुए बवाल की गूंज लखनऊ तक पहुंची थी। प्रशासन ने मामले में दो दर्जन से अधिक लोगों को नामजद करते हुए सैकड़ों लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज किए थे। जिमसे अनेक गरीब नागरिक भी थे। जिनकी मदद के लिए नहटौर के नबील अहमद एडवोकेट द्वारा पुरजोर तरीके से अदालत में पैरवी की गई। एडवोकेट नबील के प्रयासों से ही निर्दोष फंसे हुए लोग दोष मुक्त साबित हुए। दोष मुक्त साबित होने के उपरांत सभी आरोपियों ने एडवोकेट नबील अहमद का आभार जताया। उक्त लोगों ने बताया कि एडवोकेट नबील अहमद द्वारा उनसे किसी तरह का कोई शुल्क भी नहीं लिया गया। समाज सेवा के रूप में नबील अहमद द्वारा एक दर्जन से अधिक निर्दोष लोगों को दोष मुक्त सिद्ध कराया जो नहटौर नगर में चर्चा का विषय है। वही आम आदमी पार्टी की नेत्री सारिका चौधरी ने भी एडवोकेट नबील अहमद का आभार बताया है।

## बूथ अध्यक्ष ने घर-घर जाकर गणना फार्म भरें

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बूथ संख्या 275 के अध्यक्ष एमएस रावत ने बूथ क्षेत्र के मतदाताओं के साथ समस्त मतदाताओं के घर-घर जाकर एसआईआर के फार्म भरे। बीएलओ को भी फार्म भरने में सहयोग किया गया। उनके साथ दिनेशचंद, ललित शर्मा, हरप्रसाद शर्मा, सविता शर्मा, संदीप कुमार, सीमा देवी, अशोक कुमार, धर्मपाल सिंह, इंदू रानी, शुभम, अंशुल, अंशु आदि शामिल रहे।

## रोचक मुकाबले में शिव की टीम ने जीत दर्ज की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर में कौशिक स्पोर्ट्स अकादमी में जिला स्तरीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला 7 स्टार (विक्की) की टीम व शिव रॉकर्स (शिव शर्मा) की टीम में हुआ जिसमें शिव शर्मा टीम ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 16 हजार रूपए नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिव शर्मा ने जीता। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि साहनपुर के चेयरमैन व आजाद समाज पार्टी के नेता खुर्शीद मंसूरी, रचित अग्रवाल, केशव अग्रवाल, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## 15 वर्षीय अफफान के कुरान हिफ्ज करने पर खुशी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर पंचायत जलालाबाद के मौहल्ला राईयान निवासी यामीन राईन के पुत्र अफ्फान राईन ने कस्बा स्थित मदरसा अख्तर उल उलूम से मात्र 15 साल की उम्र में हिफ्जे कुरान मुकम्मल किया। जिससे उसके परिवार में खुशी का माहौल है। रिश्तेदार, पड़ोसी व परिचितों ने अफ्फान राईन व उसके परिवार को इसके लिए मुबारकबाद दी है।

# पुलिस वालों ने संविधान की शपथ ली





**बिजनौर ( चिंगारी )।** संविधान दिवस के अवसर पर ज़िले भर में पुलिसकर्मियों ने संविधान का पालन करने की शपथ ग्रहण की। पुलिस लाइंस बिजनौर में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं विधि-सम्मत कार्य करने के लिए संविधान की शपथ दिलाई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारी मौजूद रहे । क्षेत्राधिकारी नगीना द्वारा अपने कार्यालय पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को भी संविधान की शपथ दिलाई गई।

क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, क्षेत्राधिकारी धामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी द्वारा अपने कार्यालयो पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं विधि-सम्मत कार्य करने के लिए संविधान की शपथ दिलाई गई। क्षेत्राधिकारी चांदपुर ने भी अपने कार्यालय पर नियुक्त समस्त अधिकारियो/कर्मचारियों को भारत के संविधान की शपथ ग्रहण कराई।

# खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जायेगा- मौसम चौधरी





## नेहरू स्टेडियम में शुरू हुई विधायक खेल स्पर्धा

**बिजनौर ( चिंगारी )। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, बिजनौर के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा सदर बिजनौर का सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग में एथेलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, भारोत्तोलन एवं बैडमिंटन विधाओं में दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को नेहरू स्टेडियम, बिजनौर में हुआ।**

कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक सुचि चौधरी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने किया। इस अवसर पर ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि खेल जगत में बिजनौर की प्रतिभाएं भी सफलता के नित नये आयाम स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये वह अपनी तरफ से पूरा सहयोग करेंगे।

प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में आनंद कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर सीनियर बालक वर्ग में प्रियांशु ने तथा 100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में ईशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में बबली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम स्पर्धा में वालीबॉल जूनियर बालिका वर्ग में बिजनौर की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मोनी चौधरी, अंकुर बालियान, व्यायाम प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक अरविंद अहलावत, कनिष्ठ सहायक प्रांजल दीक्षित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन आकाश मलिक एवं अंकुर बालियान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।

# बिजनौर से हजारों शिक्षक व कर्मचारी पहुंचे दिल्ली महारैली में



**बिजनौर ( चिंगारी )**। टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में दिल्ली जंतर-मंतर पर लाखों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपना आक्रोश प्रदर्शित किया। दिल्ली महारैली में जनपद से हजारों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण समाप्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक ये काले कानून वापस नहीं होंगे, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि दिल्ली महारैली ऐतिहासिक रही, जिसमें सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर अपनी ताकत महसूस करने का कार्य किया है। महारैली का नेतृत्व अटेवा जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के सम्प्रेषक दीपक कुमार टेनीपाल, धर्मपाल सिंह, नोसिंह, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि, गजेंद्र शर्मा, सुधीर कुमार, सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह, राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिला संरक्षक राजपाल सिंह, जिला अध्यक्ष सुनीलदत्त शर्मा, जिला मंत्री हेमराज सिंह, क्षेत्रीय मंत्री मुरादाबाद मंडल संजीव कुमार, स्वास्थ्य परिवार कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष फ्रैंक आस्क्रीन, जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, अटेवा जिला मंत्री सुभाषचंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला मंत्री आशीष सक्सेना, करतार सिंह, डॉ. सुनील कुमार, तेजपाल सिंह, संजय कुमार, भूपेंद्रपाल सिंह, रामनाथ सिंह, शिवराज सिंह, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. धर्मेंद्र यादव, सुभाष चंद, आफताब अहमद, मोहम्मद शादाब, रैम अहमद आदि ने किया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर

## 28 को होगा कार्यक्रम



**बिजनौर ( चिंगारी )**। सैनी महापंचायत संगठन बिजनौर के तत्वावधान में 28 नवंबर को सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर केएम इंटर कॉलेज धामपुर के मैदान में स्मरण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। महात्मा ज्योतिबा फुले स्मरण दिवस महाकुंभ के संयोजक मोहित सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरे जनपद में स्थित सैनी बाहुल्य गांव में जनसंपर्क किया जा रहा है। मोहित सैनी ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से अराजनीतिक होगा, जिसमें सामाजिक व आर्थिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# एटीएम से रुपये निकालने के दौरान दो युवकों में मारपीट

**किरतपुर ( चिंगारी )**। रामा पेट्रोल पंप के पास स्थित एसबीआई के एटीएम से मुहल्ला अफगानान का एक युवक अपने दोस्त के साथ कल रुपये निकाल रहा था। उसने अपने एक कार्ड से एटीएम से रुपये दो-तीन बार में निकाले। इसके बाद वह दूसरे कार्ड से एटीएम से रुपये निकालने लगा। रुपये निकालने के इंतजार में खड़े एक युवक ने जल्दी जाने की बात कहते हुए उसे हटने के लिए कहा। इस पर दोनों में मारपीट हो गई। इसके बाद दोनों युवकों ने फोन कर कुछ युवकों को बुला लिया। दोनों युवक अलग-अलग संप्रदाय के होने के कारण युवकों द्वारा मारपीट होने से भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठी फटकार कर दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस दोनों पक्षों के तीन लोगों को पकड़कर थाने ले गई। बाद में पुलिस के सामने दोनों पक्षों के गणमान्य लोगों के बीच में आने के कारण समझौता हो गया।



# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस

## जनपद में निकाली गई जागृति यात्रा के सहयोगकर्ताओं को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )**। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में हिंद की चादर नवम गुरु तेग बहादुर महाराज तथा उनके परम शिष्यों एवं अनुयायियों भाई मतिदास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पंजाब के मारकंडा से पधारे बीबी कंबलजीत कौर खालसा के जत्थे ने गुरु वाणी के अमोलक कीर्तन की प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया । जिला रामपुर के बिलासपुर से आए गुरबाणी प्रचारक ज्ञानी रनजीत सिंह खालसा ने गुरु वाणी विचारों के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी महाराज के समूचे जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने भी गुरबाणी कीर्तन की प्रस्तुतियां दी ।



शब्द कीर्तन करते हुए रागी जत्था।



गुरमुख परिवार को सम्मानित करते हुए गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के सदस्य।

गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के निर्देशन में समूची प्रबंध समिति के सहयोग से उन सभी गुरमुख परिवारों को सम्मानित किया गया जिन्होंने नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी शताब्दी वर्ष के अंतर्गत धामपुर से पूरे जनपद में निकाली गई विशाल जागृति यात्रा तथा 14 से 22 नवंबर 2025 तक प्रत्येक शनिवार को आयोजित किये गये विशेष कीर्तन दरबारों में किसी भी रूप मे अपना सक्रिय एवं समर्पित योगदान दिया।

इन विशेष कीर्तन दरबारों का पहला कीर्तन दरबार आयोजित करने का सौभाग्य सरदार जोगिंदर सिंह सिडाना एवं सरदार रविंदर सिंह सिडाना के तथा अंतिम कीर्तन दरबार सजाने का सौभाग्य सरदार सुरजीत सिंह चावला के परिवार को मिला ।

दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु घर के सेवक सरदार सुरजीत सिंह चावला, डॉक्टर अमरजीत सिंह चावला, सरदार बुद्ध सिंह चावला एवं रोटेरियन सरदार अजीत सिंह चावला आदि के परिवार की ओर से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया।

## शिशु मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी पर्व

**धामपुर ( चिंगारी )**। नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम चरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी का 350 वां शहीदी पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम मां शारदा की वंदना की गई। इसके बाद गुरु तेग बहादुर के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। विद्यालय के अचार्य भूपेंद्र कुमार द्वारा गुरु परंपरा पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ने लगता है तो उसे समाप्त करने के लिए हर युग में कोई ना कोई अवतार अवश्य होता है। इस श्रृंखला में गुरु तेग बहादुर बहादुर ने हिंदू धर्म की रक्षा करने के लिए अवतार लिया और अपने लक्ष्य की पूर्ति करते हुए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। ऐसे त्यागी व परोपकारी महापुरुष के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब ने गुरु तेग बहादुर जी का सिर धड़ से अलग इसलिए कर दिया था क्योंकि उन्होंने इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं किया था। आज भी कुछ लोग सर तन से जुदा जैसी मानसिकता को लेकर समाज में सक्रिय हैं। उनसे हमें सावधान रहने की जरूरत है हमें ऐसे महापुरुष के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए।

## आवारा सांड और बंदर, आतंक मचा रहे शहर के अंदर



**धामपुर ( चिंगारी )**। नगर में बंदरों का आतंक छाया हुआ है। जगह-जगह बंदरों के झुंड गली पर और सड़क पर कब्जा जमा लेते हैं। लोगों का आना-जाना दुश्वार कर रखा है। गोवंश भी गली-गली में घूमते रहते हैं जिनकी वजह से आने जाने वालों को डर रहता है, कहीं सींग मारकर घायल ना कर दे। नगर में यह आवारा सांड कई लोगों को गंभीर घायल भी कर चुके हैं। बंदरों ने भी दिन-रात गली में और सड़कों पर आतंक मचा रखा है। काफी लोगों को काटकर जख्मी भी कर दिया है। लोगों ने पालिका अध्यक्ष एवं ईओ से मांग की है कि बंदरों से और गोवंश से नगर वासियों को मुक्ति दिलाई जाए। मांग करने वालों में रमेश, दिनेश, विनोद, सतीश, सुमित, अंकित, राजीव, सलमान, रहमान, सरफराज आदि लोग शामिल हैं।

## चैकिंग अभियान के दौरान, नौ वाहन चालकों का चालान

**धामपुर ( चिंगारी )**। पुलिस विभाग और यातायात पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा माह के अंतर्गत नगर क्षेत्र की विभिन्न चौकियों पर चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के अंतर्गत नौ दुपहिया वाहन चालकों का चालान किया गया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि यातायात सुरक्षा माह में बाइक पर तीन सवारी और बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले दोपहिया वाहन चालकों का चालान मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत किया गया है। उधर, नगीना चौराहे पर तैनात यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने की निर्देश दिये।

## 'वो वोट न छूटे जो है सही, जो नकली है वह रहे नहीं'

**धामपुर ( चिंगारी )**। बरेली मुरादाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि लोकतंत्र में वोट का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि मतदाताओं द्वारा डाले जाने वाले वोट के द्वारा ही जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं और उसके बाद सरकार का गठन होता है जो समाज और देश की उन्नति और प्रगति के लिए कार्य करती है।

### एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह ने कहा

वह मंगलवार की शाम युवा भाजपा नेता संजय चौहान के आवास पर चुनाव आयोग द्वारा चलायें जा रहे वृहद पुन: निरीक्षण अभियान( एस आई आर)के संबंध में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 में सरकार द्वारा बृहद पुन निरीक्षण अभियान चलाया गया था, अब 24 वर्ष बाद सरकार द्वारा यह शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि वैसे तो चुनाव आयोग, चुनाव के दौरान मतदाता सूचियों के पुन निरीक्षण का अभियान चलाता है परंतु इस अभियान में सरकार ने यह प्रयास किया है कि मतदाता का नाम एक ही स्थान पर एक ही मतदाता सूची में होना चाहिए, इसके लिए पूरे देश में वृहद स्तर पर बीएलओ द्वारा फार्म भरवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को जागरूकता का परिचय देते हुए फॉर्म को भरकर निश्चित समय सीमा के भीतर बीएलओ के पास जमा कर देने चाहिएं, जिससे उनका नाम मतदाता सूची में अंकित हो सके। उन्होंने कहा कि इस मतदाता सूची के पुन निरीक्षण से देश में जो घुसपैठिये और रोहिंग्या रह रहे हैं उनमें हलचल मची हुई है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि हमारे मुरादाबाद मंडल में अभी घुसपैठियों या रोहिंग्या जैसी कोई घटना प्रकाश में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि असली वोट छूटे नहीं और नकली वोट रहे नहीं की भावना के आधार पर सभी लोग इस कार्य में जुट जाएं। इस अवसर पर अवनी सिंह, संजय चौहान, अमन, हर्ष, तरुण, श्रवण, चमन, लावण्य सिंह, अमित, अतुल कुमार आदि उपस्थित रहे।



# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस





भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी एवं सदर विधायक सुचि चौधरी तथा भाई प्रदीप सिंह को सम्मानित करते हुए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के पदाधिकारी।

**बिजनौर (चिंगारी)।** श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालक रेलवे स्टेशन रोड बिजनौर में सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का 350वां शहीदी पर्व मंगलवार को बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए गुरु साहिब के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए गुरुद्वारे में विशेष दीवान सजाए गए, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भाई प्रदीप सिंह जो पानीपत से पहुंचे थे, शबद गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। कथा वाचक बाबा प्रताप सिंह जी नानकसर बाजपुर वालों ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की प्रेरणादायक जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे गुरु साहिब ने औरंगजेब के अत्याचारों के खिलाफ आवाज़ उठाई और धर्म की रक्षा हेतु शहीदी प्राप्त की।

इसके बाद, भाई दलजीत सिंह खालसा ने गुरु साहिब जी की जीवन कथा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन गुरुद्वारे के कोषाध्यक्ष हरमीत सिंह निराला ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से बिजनौर सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य चौधरी पहुंचे और गुरुघर का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू चौधरी, जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, आरएसएस विभाग प्रचारक क्रांति सिंह, जिला प्रचारक दीप्तिमान, नगर प्रचारक शोभित, विश्व हिंदू परिषद से जेलेश भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पराज कमल, मंडल उपाध्यक्ष संदीप त्यागी, संगठन मंत्री, मास्टर जोगेंद्र सिंह, हरपाल सिंह राठौड़, हरमंदर सिंह, संसार सिंह फलोदिया, सोनू भोसले, हरविंदर सिंह भंडारी आदि को सरोपा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालक के अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह फलोदिया, उपाध्यक्ष हरचरण सिंह, प्रबंधक मानवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष हरमीत सिंह निराला, सुरजीत सिंह नेगी, गुरुद्वारा सुधार कमेटी के अध्यक्ष सरदार विजयपाल सिंह, राजेश सिंह, देवेंद्र सिंह कटारिया, इन्दर सिंह, गगनदीप सिंह, आरके सिंह, बीबी समरजीत कौर, अनीता कौर, कश्मीर सिंह, सोनू सिंह पोथीवाल, गुरु दीप सिंह, अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम समाप्ति पर गुरुद्वारा साहब के मुख्य ग्रंथि ज्ञानी मोहन सिंह ने जगत कल्याण के लिये अरदास की। इस अवसर पर विशाल गुरु का अटूट लंगर चलता रहा।

## महान धर्म योद्धा थे गुरु तेग बहादुर- यशपाल सिंह



**खासपुरा (चिंगारी)।** श्री गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर सोमवार को एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन बिजनौर के संरक्षक यशपाल सिंह और उनके साथियों ने गुरु साहिब के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। यशपाल सिंह ने कहा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब भारत माता पर आक्रमण करने वालों के सामने चट्टान की तरह अडिग खड़े हुए, उनका जीवन अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरक महागाथा है। जीवन का प्रत्येक क्षण, रक्त की एक-एक बूंद राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए समर्पित करने वाले वे महान धर्मयोद्धा थे। श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत, करुणा, साहस, अद्वितीय शक्ति और अडिग सत्यनिष्ठा की अमिट गाथा है। उनका बलिदान हमें सच्चाई के मार्ग पर हमेशा दृढ़ता से खड़ा होने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन के सहसंरक्षक अरविंद कुमार लंबा, जिला अध्यक्ष, सुरेशचंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष वेटरन लुवकुश, संगठन मंत्री वेटरन देवेंद्र संतोषी मौजूद रहे।

## समाज में बढ़ती जा रही हैं बुराई, महिला महाशक्ति ने चिंता जताई



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम के द्वारा नगर के कान्हा पैलेस में एक संयुक्त सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हिन्द युवा महाशक्ति सेना के पदाधिकारी भी शामिल रहे। सभी ने जल्दी ही जिले से गायब नाबालिग छात्रा की बरामदगी न होने पर जेल भरो आंदोलन शुरू करने की धमकी दी गई। हरवेंद्र सिंह राणा ने कहा कि समाज में बुराइयां बढ़ती जा रही हैं, नशा अपने चरम पर है, छोटे-छोटे बच्चे नशा कर रहे हैं, यहीं से उनमें चोरी व बहुत से गलत कामों की बुरी आदतें पड़ रही हैं। इसे लेकर सभी को मिलकर जागरूकता अभियान चलाना होगा। नाबालिग छात्रा के प्रकरण को लेकर भी दोनों टीमों से चर्चा कर तैयारी शुरू करने के निर्देश दिये गये। रीता देवी को टीम स्वराज का मण्डल सचिव मुरादाबाद, कविता देवी को ग्राम अध्यक्ष लालूवाला, सतेंद्र सिंह को ग्राम अध्यक्ष युवा टीम नियुक्त किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रमुख मलखान सिंह की अध्यक्षता एवं राजकुमार चौधरी के संचालन में सभा में जिला अध्यक्ष निशि चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष सीमा चौधरी, तहसील अध्यक्ष सोनू चौधरी, विकास कुमार, पुष्पा चौहान, गीता शर्मा, ललिता चौधरी, पिंकी देवी, विन्कु चौधरी, अर्पणा शर्मा, रोशी राणा, निधि शर्मा, उपासना राजपूत, पूनम सैनी, आंचल, दीक्षा, रश्मि, रेनू कुमारी, राशि, संध्या सैनी, पूनम कुमारी, युवा टीम से शुभम कालखंडे, बबलू चौधरी, डॉ. धर्मेंद्र चिकारा, रावेंद्र सिंह, कामेंद्र सिंह, नौशाद खान, रूपेन्द्र सिंह, युद्धवीर सिंह, पंकज कुमार, संजीव चौधरी, प्रेमपाल सिंह, जोगराज सिंह, अमित कुमार, विष्णु सिंह, अभिषेक, शिवम राठी, रोहित डोडवाल, विजेंद्र सैनी, रवि सैनी आदि मौजूद रहे।

## अयाज़ अंसारी सपा छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य वार्ड 5 के संभावित प्रत्याशी अयाज अहमद अंसारी ने अपने निवास पर एक मीटिंग का आयोजन कर अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी छोड़कर आजाद समाज पार्टी (काशीराम) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सांसद चंद्रशेखर आजाद की नीतियों से प्रभावित होकर इस पार्टी में आने की घोषणा की। अयाज अंसारी ने भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की विचारधारा को रखते हुए सभी से चंद्रशेखर आजाद एड. के हाथों को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, शाहबुद्दीन साबु, जिलाध्यक्ष प्रशांत महासागर, मुस्लिम भाईचारा कमेटी अध्यक्ष रजत कुमार, भीमसेन हल्दिया, ललित कुमार सेन, महताब अंसारी, जमाल अंसारी, एहेताशम अहमद, फैज आलम, शमीम, फारूख, आफाक आदि मौजूद रहे।

## वालिया स्कूल के बच्चों को बताये, आग से सुरक्षा करने के उपाये



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** वालिया ग्लोबल एकेडमी, नजीबाबाद में अग्निशमन के अधिकारियों व प्रशिक्षित जाबांज सिपाहियों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अग्नि से सुरक्षा के उपाय बताये। अग्निशमन अधिकारी केएस जादौन ने बताया कि आग एक रासायनिक प्रक्रिया है। यह पांच प्रकार की होती है, इसके बचने के तरीके भी अलग-अलग होते हैं। बिजली से लगने वाली आग को कभी भी पानी से नहीं बुझाना चाहिए। सबसे पहले मेन स्विच ऑफ करना चाहिए। ऐसी आग को बुझाने के लिए रेत व मिट्टी का प्रयोग करना चाहिए। तेल से लगी आग को बुझाने में फोम का प्रयोग करना चाहिए। अग्निशमन कर्मचारियों ने गैस सिलेंडर की आग बुझाने, खुले या घर में लगी आग को भी बुझाने, आग में फंसे आदमी को बचाने का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग से अनिल कुमार कौशिक, विजेन्द्र कुमार, हिमांशु गौतम, असलम खान, नीरज कुमार, सुधीर कुमार व अमरनाथ उपस्थित रहे। विद्यालय के चेयरमैन रमाकांत वालिया व प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा के साथ जीवन में सुरक्षा व संस्कारों का भी अमूल्य योगदान है। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी व शिवम ने किया। अध्यापक शुभम पांडेय, रविशास्त्री, पुनीत मेहरा, आशुतोष कुमार, वैभव भारद्वाज, सरिता, विनीत राणा, साकेत, मोहित कर्णवाल, चंचल चावला, खुश्बू, कृतिका, आंचल आदि का सहयोग रहा।

# मतदाता एसआईआर के तहत मतगणना प्रपत्रों को भरकर बीएलओ को उपलब्ध करायें

# आखरी दिन की न करें प्रतीक्षा : डीएम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जसजीत कौर ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार सहित सभी संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को कड़े निर्देश दिये कि 04 दिसंबर तक सभी कार्य पूरा करने के लिए प्रतिदिन डिजिटाइजेशन के कार्य में कम से कम 10 प्रतिशत की प्रगति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए तथा जो रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक गणना प्रपत्रों को जमा करने के कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं, उनका वेतन रोक दिया जाए।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सबसे तेज एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया उक्त कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिदिन रिपोर्ट तलब करें। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कौर ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे बीएलओ, सुपरवाइजर को अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें और गणना फॉर्म की प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को तत्काल उपलब्ध कराते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने मतदाताओं का यह भी का आह्वान किया कि यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी व्यस्क सदस्य सभी मतदाता सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा। आखिरी दिन का इन्तजार न करें, ताकि किसी का नाम सूची से छूटने न पाए।

### नामावली का प्रकाशन 9 दिसम्बर को होगा

*जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एसआईआर ) की प्रमुख तिथियों के अनुसार गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक होगा, आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 09 दिसम्बर को किया जाएगा, दावें एवं आपत्तियां 08 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी और अन्तिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 07 फरवरी 2026 को किया जाएगा।*

## मोनी देवी ने गणना प्रपत्र भरवाये



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के अजुपुरा जट गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को बीएलओ मोनी देवी की उपस्थिति में गणना प्रपत्र भरवाए गए, जिसमें सहायक अध्यापिका नेहा रानी और राशन विक्रेता पवन कुमार शर्मा का विशेष योगदान रहा। राशन विक्रेता पवन शर्मा इससे पूर्व में हीमपुर दीपा गांव में घर-घर जाकर प्रपत्र भरवाने में मतदाताओं का सहयोग कर चुके हैं उनके इस प्रयास की लोग सराहना कर रहे हैं।

## SIR में सहयोग करें सभासद



**किरतपुर ( चिंगारी )।** उपजिलाधिकारी नगीना/आरओ नगीना विधानसभा क्षेत्र की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद किरतपुर के सभा कक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के सम्बन्ध में एक मीटिंग आहूत की गई। मीटिंग में उपस्थित पालिका वार्ड सभासदों से एसआईआर के संबंध में विचार-विमर्श किया गया, जिसमें एसआईआर से संबंधित वार्ड में आ रही समस्याओं व अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। नगीना विधानसभा क्षेत्र आरओ द्वारा बताया गया कि एसआईआर में किसी को कोई भी समस्या हो उन्हें सीधा अवगत करा सकता है। मीटिंग में उपस्थित सुपरवाइजरों को चुनाव आयोग द्वारा जारी तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने आगे कहा कि एसआईआर कार्य में सभी के सहयोग की जरूरत है और वार्ड सभासदों का इसमें और योगदान रहेगा और उनसे बीएलओ को अपना सहयोग प्रदान करने की अपील भी गई। उक्त मीटिंग में नगर पालिका परिषद किरतपुर अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता, बीडीओ ब्लॉक किरतपुर, हलका किरतपुर आरओ, लेखपाल, प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा व पालिका के समस्त वार्ड सभासदों के साथ-साथ एसआईआर कार्य में तैनात पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

## 'मिशनरी पत्रकारिता कायम रखे हुए हैं क्षेत्रीय अखबार'

**झालू ( चिंगारी )।** आदर्श प्रेस क्लब झालू की बैठक में मिशनरी पत्रकारिता करने का आह्वान करते हुए कहा गया कि पत्रकारों को समाज में आगे बढ़कर पीड़ितों, शोषितों के हक की लड़ाई लड़ते रहना होगा। आदर्श प्रेस क्लब कार्यालय पर अध्यक्ष अनिल चौधरी की अध्यक्षता तथा सचिव अभिषेक अग्रवाल के संचालन में हुई बैठक में पत्रकारों ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में क्षेत्रीय अखबारों तथा पत्रकारों का महत्व बहुत बढ़ गया है। क्षेत्रीय अखबारों और पत्रकारों ने लोगों का विश्वास कायम किया है तथा वे व्यवसयीकरण के इस दौर में भी अनेक परेशानियों से जूझते हुए मिशनरी पत्रकारिता का परचम बुलंद किए हुए हैं। बैठक के अंत में नगर के पत्रकार लव अग्रवाल की माता के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दारुण दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की। बैठक को अनिल चौधरी,अभिषेक अग्रवाल, तुवासिन कस्सार, खालिद परवेज बिट्टन, रोहित जोशी, गौरव शर्मा, शुभम अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, गौरव अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

## बिरसा मुंडा संदेश यात्रा का स्वागत किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मंगलवार की शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की झारखंड से देहरादून जा रही भगवान बिरसा मुंडा सन्देश रथयात्रा नूरपुर पहुंची, जहां भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। झारखंड के उलिहातू से प्रारंभ होकर उत्तराखंड के देहरादून में 27 नवम्बर को सम्पन्न होगी। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर को झारखंड के खूंटी जनपद में हुआ था। हर साल भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को मनाई जाती है। वह एक महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी व समाज सुधारक थे। उन्हें धरती आबा (धरती पुत्र)के नाम से जाना जाता था। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध महाविद्रोह का नेतृत्व किया ओर आदिवासियों को एकत्रित कर उनके अधिकारों व भूमि की रक्षा के लिए संघर्ष किया। इस मौके पर प्रान्त सहमंत्री सुधांशु चहल, जिला प्रमुख सचिन चौहान, जिला संयोजक आयुष कुमार, विभाग संयोजक हनी सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल, मंडल अध्यक्ष फ़ीना नवनीत चौधरी, संगठन मंत्री सतेन्द्र कुमार, विनय चौहान, राघव प्रताप, हिमांशु चौधरी, विपिन कुमार, वीरप्रकाश भुइयार, रामवीर चौधरी, विजेन्द्र सिंह, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।



भगवान बिरसा मुंडा रथयात्रा का स्वागत करते निशान्त कर्णवाल।

## गुरू तेग बहादुर ने धर्म और मानवता के संरक्षण का संदेश दिया - ज्ञानी फतेहजीत सिंह

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा सिंह सभा अफजलगढ़ में एक श्रद्धासभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सितारगंज (उत्तराखंड) से पहुंचे कीर्तनी जत्था ज्ञानी फतेहजीत सिंह ने कीर्तन और उपदेश के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी की शहादत से पूर्व की ऐतिहासिक घटनाओं को विस्तारपूर्वक संगत के समक्ष रखा। ज्ञानी फतेहजीत सिंह ने अपने प्रवचन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होकर मानवता के संरक्षण का जो संदेश दिया, वह आज भी सभी धर्मों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि सत्य का मार्ग अपनाना, नाम सिमरन करना और डर तथा अपराध के आगे कभी न झुकना, गुरु तेग बहादुर जी की महान शिक्षाओं का मूल है। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा समिति द्वारा मीरी-पीरी खालसा अकादमी के प्रिंसिपल मनप्रीत सिंह, सुच्चा सिंह, नरेंद्र सिंह वीर जी, सुखविंदर सिंह, नवदीप सिंह, कुलदीप कौर, मनजीत कौर, अमरजीत कौर, सतनाम कौर, बाबा जगतार सिंह, मनदीप कौर, जश्नप्रीत कौर, अर्जुन सिंह, साहब सिंह, अमनदीप कौर, राजविंदर कौर, सिमरन कौर, किरनदीप कौर और रक्षपाल सिंह को शील्ड और सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सतनाम सिंह, सेक्रेटरी रजविंदर सिंह, बाबा रशपाल सिंह, बाबा लखबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह, सुखबीर सिंह, कुलविंदर सिंह, अजमेर सिंह, जसवंत सिंह, हरबंस सिंह, निशान सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत की उपस्थिति रही।



फतेहजीत सिंह जी को सरोपा भेंट किया।



अपने सहयोगियों के साथ कीर्तन करते फतेहजीत सिंह।

# चांदपुर के युवक की रियाद में दुर्घटना में मौत

चांदपुर ( चिंगारी )। परिजन जिसके घर आने का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, उसके मरने की खबर आने से घर में कोहराम मच गया। युवक की मौत से मुहल्ले में भी शोक व्याप्त हो गया। नगर के मुहल्ला शाहचन्दन निवासी दानिश ( 34 वर्ष ) पुत्र निसार अहमद पिछले लगभग दो वर्ष से रोजगार के लिए रियाद, सऊदी अरब में था। 24 नवम्बर को दानिश ड्यूटी समाप्त कर कार से अपने कमरे पर आ रहा था कि रास्ते में सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की खबर चांदपुर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि दो वर्ष पूरे होने पर दानिश को आज छुट्टी पर अपने घर आना था। मृतक अपने पीछे अन्य परिजनों के साथ सवा दो वर्ष का पुत्र छोड़ गया है। परिजनों के अनुसार उसको वहीं पर ही सुपुर्द-ए-खाक किया जाना है। उसके पिता व भाई तफदीन में शामिल होने के लिए रियाद जाने के लिए कागजी कार्यवाही पूरी कर रहे हैं।


फाइल फोटो

## नगीना रेलवे स्टेशन के बाहर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

नगीना ( चिंगारी )। रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर पुलिस को एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। मंगलवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर एक होटल के सामने सड़क किनारे एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस शव की पहचान नहीं कर पाई है। पुलिस का मानना है कि मृतक आसपास भीख मांगकर अपना गुजारा चलाता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# SIR के फार्म भरवा रहे सपाई इस काम में पूरी ताकत लगाई



चांदपुर ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जगह-जगह कैम्प लगाकर एसआईआर फॉर्म भरवा रहे हैं तथा अब तक सैकड़ों लोगों के फॉर्म भरवाकर जमा भी करा चुके हैं। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ. आसिफ़ असलम, मौ. यूनुस ताऊ, शेख रईस अहमद, शकील अंसारी, मौ. आसिफ़ भट्टे वाले, अनवर अंसारी व मौ. शाहनवाज आदि ने नगर में जगह-जगह कैम्प लगाकर लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवाने के साथ-साथ लोगों के सामने आ रही परेशानी का भी निस्तारण कर रहे हैं। सपा नेता मौ. आसिफ़, शेख रईस व मौ. यूनुस ताऊ ने कहा कि नगर के किसी भी व्यक्ति को यदि फार्म भरने में कोई परेशानी आ रही हो तो वह उनसे मिलकर हैल्प ले सकता है। वहीं दूसरी ओर नगर के अधिकतर सभासद भी अपने वार्ड के लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवाने में लगे हुए हैं।

# SIR प्रक्रिया पर भड़कीं हेनरीता बोलीं- आयोग लगा रहा पलीता

बिजनौर ( चिंगारी )। जिला कांग्रेस मुख्यालय, बिजनौर में एक धमाकेदार प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। जिला अध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह ने गरजते हुए कहा, ये विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) नहीं, यह पहले से तय चाल है। नवविवाहित दुल्हनों से लेकर विदेश में पसीना बहा रहे हमारे नौजवानों तक, सबके वोट छीने जा रहे हैं। हम ये बर्दाश्त नहीं करेंगे। बिना आवश्यक ट्रेनिंग के BLO हैं। ये प्रक्रिया नहीं, अंधाधुंध उत्पीड़न है। मिनटों में लाखों फॉर्म डिजिटल करने का आदेश अमानवीय है। चुनाव आयोग ने जो समय दिया है, वो हंसी का विषय है। उन्होंने कहा कि बिजनौर जिले में ही ज्यादा फॉर्म अभी तक लटके पड़े हैं। क्या कोई जादूगर बुलाया है, जो रातों-रात सब डिजिटल कर देगा? पारदर्शिता नाम की कोई चीज नहीं, कोई नहीं बताता कि फॉर्म स्वीकार हुआ या फेंक दिया गया। ये लोकतंत्र नहीं, तानाशाही का नया अध्याय है।



# बुलेट से पटाखा छोड़ने वालों को सबक सिखाया, 12-12 हजार का जुर्माना लगाया

नगीना ( चिंगारी )। 12-12 हजार रुपये का भारी भरकम चालान काटकर पुलिस ने सड़क पर पटाखा बजाते हुए हुड़दंग करने वाले दो मोटरसाइकिल सवारों को कड़ा सबक सिखाया है। पिछले काफी दिनों से साइलेंसर बदलकर बुलेट मोटरसाइकिल में पटाखा छोड़ने वाले युवाओं की हरकत से आम लोग परेशान हो रहे थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में गांधी मूर्ति तिराहे पर पुलिस द्वारा चलाए गए चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने शोर मचाने वाली एक बाइक को सीज करते हुए उसका 12 हजार रुपये का भारी भरकम चालान काट दिया, जबकि साइलेंसर बदलकर पटाखा छोड़ने वाली बुलेट पर भी 12 हजार रुपये का जुर्माना ठोका गया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाली करीब दो दर्जन बाइकों का चालान काटने का काम किया। सीओ ने बताया कि सड़क पर हुड़दंग करने वाले बाइक सवारों के खिलाफ पुलिस का चैकिंग अभियान जारी रहेगा।


नगीना में चैकिंग अभियान के दौरान बाइक सवारों से जानकारी लेते पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी।

## मंगलमय हो मिलन तुम्हारा.. डा. कुशाग्र संग डा. अन्तरिक्ष

चांदपुर ( चिंगारी )। नगर के मशहूर उद्योगपति पंकज वैश्य व श्रीमती ममता वैश्य के सुपुत्र डा. कुशाग्र का विवाह डा. कुलदीप कुमार व डा. अनीता की सुपुत्री डा. अन्तरिक्ष के साथ धूमधाम एवं हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के दत्तियाना रोड स्थित विवाह मंडप में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सांसद चंदन चौहान, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया सहित अनेक राजनैतिक दलों के नेताओं, अधिकारियों, व्यापारियों ने उपस्थित होकर नवयुगल के सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। पंकज वैश्य, श्रीमती ममता वैश्य सहित परिवार के अन्य लोगों ने विवाह समारोह में उपस्थित होने वाले अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चिंगारी परिवार नवयुगल के दीर्घ एवं सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करता है।

# अनजान वीडियो कॉल और इन्विटेशन से सावधान रहें - सीओ


## स्योहारा में व्यापारी गोष्ठी, पुलिस ने दी साइबर सुरक्षा की अहम जानकारी

स्योहारा ( चिंगारी )। नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित व्यापारी गोष्ठी में धामपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए व्यापार समुदाय का सतर्क रहना बेहद जरूरी है। श्री पांडे ने सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए ऑनलाइन खरीदारी के दौरान आने वाले ओटीपी की गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लगातार नये तरीके इजाद कर रहे हैं, जिनसे बचने का एकमात्र उपाय है- जागरूकता। हाल ही में बढ़े व्हाट्सऐप इन्विटेशन कार्ड और वीडियो कॉल ठगी के मामलों पर चेताते हुए उन्होंने सलाह दी कि अनजान इन्विटेशन न खोलें तथा अज्ञात नंबर से आने वाली वीडियो कॉल रिसीव न करें। यदि कोई गलती से वीडियो कॉल रिसीव कर भी ले, तो अपना चेहरा न दिखाएं और कैमरे को ढक लें। गोष्ठी में मौजूद व्यापारियों से उन्होंने कहा कि वे स्वयं सतर्क रहें और अपने बच्चों को भी साइबर सुरक्षा के नियम समझाएं, क्योंकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग के साथ जोखिम भी बढ़ रहे हैं। गोष्ठी में क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक और समाजसेवी डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, भाजपा नेता डॉ. विनीत देवरा, हाजी वसील, इंतखाब आलम, अतिकुररहमान, पिंकी गर्ग सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।


स्योहारा में व्यापारी गोष्ठी, पुलिस ने दी साइबर सुरक्षा की अहम जानकारी।

# नजीबाबाद मुस्लिम फंड के संस्थापक आई एच ज़की का इंतक़ाल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद की प्रसिद्ध संस्था मुस्लिम फंड नजीबाबाद के संस्थापक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी काजी आईएच जकी का बीमारी के चलते आज दोपहर इंतकाल हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। नजीबाबाद सहित मुस्लिम फंड की सभी ब्रांचों में शोक छा गया। काजी आईएच जकी मुस्लिम फंड के संस्थापक होने के साथ सुप्रसिद्ध समाजसेवी भी थे। वह एक अच्छे इंसान के रूप में पहचाने जाते थे। उनका सामाजिक कार्यों में काफी बड़ा योगदान रहा है। मुस्लिम फंड नजीबाबाद की दिल्ली व मुंबई तक ब्रांच है।काजी आईएच जकी ने अपने प्रयास से मुस्लिम फंड का नजीबाबाद से विस्तार करने के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में नजीबाबाद में आगोश चैरिटेबल अस्पताल तथा



नजीबाबाद प्राइवेट आईटीआई की स्थापना भी की थी। यह दोनों संस्थाएं भी नजीबाबाद में काफी समय से चल रही है। काजी आईएच जकी बढावे और बीमारी के बावजूद मुस्लिम फंड को संचालित करने तथा समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे। काजी आईएच जकी के नजीबाबाद की गंगा जमुना तहजीब को कायम रखने तथा हिंदू मुस्लिम एकता को मजबूत बनाने के लिए कांवरती सेवा शिविर के साथ अनेक महत्वपूर्ण कार्य है। विधायक हाजी तस्लीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअजम, पूर्व चेयरमैन मुअजम का एडवोकेट, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के साथ नजीबाबाद के सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं तथा शहर के हिंदू मुस्लिम सहित सभी वर्गों के लोगों ने काजी आईएच जकी के इंतकाल पर गहरा शोक व्यक्त किया है। चिंगारी परिवार की ओर से काजी आईएच जकी को हार्दिक श्रद्धांजलि।

# समाजवादी पार्टी ने कैम्प लगाया एसआईआर के विषय में बताया



**धामपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी, धामपुर द्वारा एस आई आर के बारे में मतदाताओं को जानकारी देने के लिए मोहल्ला बंदूकचियान स्थित मदरसा नूरिया के पास एक कैप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हाजी नईमुलहसन, पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष एवं पालिकाध्यक्ष महमूद हसन कस्सार, सपा नगर अध्यक्ष हैदर अली आढती, आसिफ अली कादरी, फरीद अहमद डान, नासिर अंसारी मेराज अंसारी, हबीब सकलेनी, मास्टर शमशेर अली, हाजी हसन खान नगर पालिका के लिपिक विशाल अग्रवाल ने मतदाताओं को एसआईआर के बारे में जानकारी दी और उनके फॉर्म भरवाये। पूर्व विधायक हाजी नइमुल हसन ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर काम कर रहा है उन्होंने कहा कि इस अभियान के फॉर्म जमा करने की सरकार को अवधि बढ़ानी चाहिए क्योंकि फॉर्म भरने के लिए जरूरी कागजात भी पूरा करने में मतदाताओं को समय लग रहा है और जो बीएलओ तैनात किए गए हैं उनको भी इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है।

## शनिदेव प्रतिष्ठा समारोह 29 को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पंजाबी कालोनी स्थित सनातन धर्म रामकृष्ण मंदिर में स्थापित श्री पिपलेश्वर शनिदेव का नौवां प्रतिष्ठा समारोह 29 नवम्बर को पूर्ण श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जायेगा। मंदिर प्रबंधक सदानंद खेड़ा ने विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया है कि प्रातः 10 बजे से पूजन-हवन, 11 बजे चोला श्रृंगार के पश्चात दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

## खुली हुई मिली अलमारी चोरी हो गईं चीज़ें सारी

**नहटौर ( चिंगारी )।** घर में रखी सेफ से 11 तोले सोने के आभूषण और 25 हज़ार की नगदी गायब होने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घर में मरम्मत का कार्य चल रहा था। ग्राम सीकरी बुजुर्ग निवासी सुप्रिया त्यागी पत्नी जयवर्धन त्यागी ने बताया कि उनके घर में मरम्मत का कार्य चल रहा है, जिसमें मिस्त्री और मजदूर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से उनकी सेफ अलमारी की चाबी नहीं मिल रही थी। मंगलवार की रात करीब 8 बजे अलमारी के नीचे लॉकर में चाबी लगी देखी तो शक हुआ, जिस पर उन्होंने अलमारी खोली अलमारी में रखे 11 तोले सोने के आभूषण और 25 हज़ार की नगदी गायब मिली। करीब 14 लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी हुआ है। परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने भी मौका मुआयना करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## हाइवे पर हुये हादसों में दो बाइक सवार घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** मंगलवार की शाम हाइवे पर दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो बाइक सवार युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु एम्बुलेंस द्वारा सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर राजौरी निवासी अमित कुमार पुत्र आनंद सिंह बाइक पर सवार होकर धामपुर की ओर से अपने घर लौट रहा था। मुबारकपुर कुंडा के निकट पहुंचने पर सुबह के समय हुए हादसे के स्थान पर जैसे ही उसने



अपनी बाइक को हलका किया, इस बीच पीछे से तेज़ गति में दूसरी बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर जाने से अमित घायल हो गया। दूसरी घटना धामपुर मार्ग पर शाम छः बजे मनोकामना मंदिर के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से हुई, जिसमें धामपुर की ओर से आ रहे क्षेत्र के ग्राम हादकपुर निवासी नीटू कुमार घायल हो गए। पुलिस दोनों घटनाओं में घायल युवकों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार हेतु सीएचसी धामपुर और सीएचसी अफजलगढ़ भेज दिया।

## सूचना

मेरा पुत्र मुर्सलीन गलत संगत में पड़कर मेरे कहने से बाहर हो गया है। अतः मैं उससे अपने सभी प्रकार के सम्बंध खत्म करता हूं। उसको मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किये गये कार्यों व लेनदेन के प्रति मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगा।

**- नसीम अहमद पुत्र रहीमउल्ला, मौहल्ला कस्साबान,कस्बा व थाना मंडावर ( बिजनौर )**

## ग़रीब कन्या के विवाह हेतु आवश्यक सामग्री भेंट की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान बिजनौर के तत्वावधान में एक गरीब कन्या के विवाह हेतु कुछ सामग्री भेंट की गई एवं कला प्रतियोगिता के अंतर्गत, रंग भरो प्रतियोगिता की गई। संस्थान की ओर से कन्या के विवाह हेतु साड़ियां, लेडीज सूट, जेंट्स सूट, शॉल, डबलबेड की चादर, एक बोरी चीनी, एक घी का कनस्तर, एक आर्टिफिशियल सेट के साथ कुछ छुटपुट सामान भी भेंट किया गया, जिसे लड़की के पिता ने प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण किया। कला प्रतियोगिता में ज्योति रानी एक्सीलेंट, शारदा रानी ने प्रथम स्थान, हुमैरा मलिक ने द्वितीय स्थान, राधिका व रिया कुमारी ने तृतीय स्थान एवं वंदना सैनी व दया शर्मा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कन्या विवाह की सामग्री एकत्रित करने में उमा अग्रवाल आवास विकास, देवेश अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, रेनू सिंघल, कुसुमलता अग्रवाल, रीता अग्रवाल, रीना अग्रवाल, सर्वेश गुप्ता मधु अग्रवाल, उमा अग्रवाल गुरुद्वारा आदि का सहयोग रहा।

## संविधान सिर्फ क़ानूनों का संग्रह नहीं - ताज़ीम

**चांदपुर ( चिंगारी )।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित बास्टा रोड चांदपुर स्थित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में संविधान दिवस बड़ी ही गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक ताज़ीम हाशमी ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत का संविधान देश को दिशा, अधिकार और कर्तव्य प्रदान करता है। यह न केवल कानूनों का संग्रह है, बल्कि भारत की एकता, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव है। शैक्षणिक इंचार्ज शहज़ाद खान ने अपने भाषण में स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान नवंबर 1949 में बनकर तैयार हो गया था, लेकिन 26 जनवरी को लागू करने का निर्णय इसलिए लिया गया, क्योंकि यह तिथि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में विशेष महत्व रखती है। 1930 में इसी दिन पूर्ण स्वराज की घोषणा की गई थी, इसी कारण इसे लागू करने के लिए 26 जनवरी का ही चयन किया गया। प्रधानाचार्य नदीम बख्त ने संविधान दिवस पर अपने संबोधन



में कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार देता है और हमें इसके प्रति जागरूक रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। विद्यालय के उप प्रबंधक मोहम्मद मरगूब ने कहा कि संविधान हमारे देश की पहचान है। यह हमें न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश देता है। छात्रों को चाहिए कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझें और देश के विकास में योगदान दें। इस अवसर पर सानिया परवीन, रजबा शेख, ताजीम हाशमी, सारिम फरहत, माही तलत, अनम मलिक आदि शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आसिम खान ने किया।

# एम्स में मनाया गया विश्व एंटीमाइक्रोबियल जागरुक सप्ताह



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश के तत्वावधान में आयोजित विश्व एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह वॉव 2025 सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनसमुदाय को एंटीबायोटिक दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग को लेकर आगाह कर उन्हें इन दवाओं को सही तरीके से इस्तेमाल करने के बारे में विस्तृत जानकारियां उपलब्ध करायी गयीं। विश्व एंटीमाइक्रोबियल जागरुकता सप्ताह के दौरान बीते रोज एम्स ऋषिकेश के नर्सिंग छात्रों द्वारा त्रिवेणीघाट में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। आम लोगों को जागरूक करते हुए टीम ने नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करने से पहले विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह जरूर लेनी चाहिए। इस प्रस्तुति के दौरान आम लोगों ने विशेषज्ञों से एंटीबायोटिक के उपयोग पर कई सवाल भी पूछे। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक प्रो. सत्या श्री बालिजा, आयोजन सचिव डॉ. पीके पंडा, डॉ. पीवी सौजन्या, एएनएस गिरीराज सैनी और उमेश सहित नर्सिंग स्टूडेन्ट्स शामिल रहे। उधर एक अन्य कार्यक्रम के तहत वॉव 2025 की निर्धारित थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित सप्ताह व्यापी कार्यक्रम के समापन पर नर्सिंग अधिकारियों, सीनियर व जूनियर रेजिडेंट्स, फैकल्टी, हेल्थ केयर वर्कर्स, सुरक्षागार्ड, हाउसकीपिंग स्टाफ आदि को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिये गये।

## ‘वन्यजीव संरक्षण से पहले, पर्वतीय जन संरक्षण जरूरी’

### वन्य जीव कानून को सरल बनाया जाये : कंडवाल

**कोटद्वार( चिंगारी )।** नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र समिति के अध्यक्ष एवं डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के छात्र संघ महासचिव अनुराग कंडवाल ने कहा है कि वन्य जीव संरक्षण से पूर्व पर्वतीय जन संरक्षण पर कार्य किया जाना चाहिए। छात्र संघ चुनाव में विजय प्राप्त करने के बाद मंगलवार को अपने मूल गांव बनाली पहुंचने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में दिन के समय भी बाघ के गुर्रिने की आवाज आना अत्यंत भयावह और चिन्ताजनक संकेत है। उन्होंने कहा कि जगह-जगह गुलदार और बाघ के हमलों से लोगों की मौत की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन शासन-प्रशासन आज भी गहरी नींद में है। आज वन्य जीव संरक्षण से पहले पर्वतीय जन संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। गांवों में लोग खेती नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि सुअर और बंदर फसल नष्ट कर रहे हैं, दूसरी तरफ बाघ का निरंतर भय बना हुआ है। ऐसे में वन्य जीव कानून को सरल और व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता है। कहा कि मानव जीवन के लिए खतरा बने जंगली जानवरों से सुरक्षा संबंधी निर्णय का अधिकार ग्राम प्रधान, पट्टी पटवारी, रेंजर और एसडीएम के अधिकार क्षेत्र में होना चाहिए। इस अवसर पर राम भरोसा कंडवाल, गणेश कंडवाल, सोम कंडवाल, राज कंडवाल, मनोहरलाल कंडवाल और दीपक कंडवाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## 19 दिसम्बर तक चलेगा युकां का सदस्यता अभियान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण के प्रदेश चुनाव अधिकारी एडवोकेट प्रकाश कुमार ने युवा कांग्रेस सदस्यता पर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश युवा कांग्रेस ने उत्तराखंड के सभी युवाओं को नेता बनने का अवसर दिया है। बताया कि उत्तराखंड प्रदेश में युवा कांग्रेस का सदस्यता अभियान दिनांक 20 नवंबर 2025 से प्रारंभ हो चुका है जो 19 दिसंबर 2025 को सांय 5 बजे तक चलेगा। इसमें प्रदेश के सभी युवा साथी जो 18 से 35 वर्ष के उम्र के बीच के हैं ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ सकते हैं और उत्तराखण्ड युवा कांग्रेस को मजबूत कर युवाओं की आवाज युवा कांग्रेस के माध्यम से उठा सकते हैं । बताया कि सदस्य बनने के लिये एंड्राइड मोबाइल से विद आइ वाइ सी एप्लीकेशन इंस्टाल कर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद डबराल और बलबीर सिंह रावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डू समथिंग द्वारा आयोजित भरत महोत्सव का समापन

### समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किये गये आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी द्वारा आयोजित भारत नामधेय भरत महोत्सव के नौवें संस्करण का सोमवार को समापन हो गया है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनीषियों को सम्मानित किया गया। महोत्सव के अंतिम दिवस का आरंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रेम चन्द शर्मा, राहुल कोटियाल, संस्था संरक्षक प्रकाश चन्द्र कोठारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पंत, सचिव शंकर दत्त गौड़ और रिपुदमन सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रेम चन्द शर्मा ने लोगों को जैविक खेती एवं जैविक किचन गार्डन बनाने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता में टीसीजी पब्लिक स्कूल पहले, मदरलैण्ड एकेडमी दूसरे व एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेहन्दी प्रतियोगिता में स्नेहा ने पहला, अंशिका भारद्वाज ने दूसरा और अंजलि कठैत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेन्टिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आद्या धरियाल, करण सिंह एवं अनुष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं सीनियर वर्ग में श्रेयंशी धरियाल, अक्षिता रावत व शिवांश भारद्वाज क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री गुरुराम राय पेरामेडिकल कॉलेज व हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल की ओर से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच के साथ ही निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। अंत में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनीषियों को सम्मानित करने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और महोत्सव के समापन की घोषणा की गई।

## इंकाइयों ने की भाजपा नेता के खिलाफ़ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

### थानाध्यक्ष को ज्ञापन दिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार कांग्रेस महानगर इकाई ने भाजपा नेता शेखर वर्मा और उत्तराखंड भाजपा आईटी सेल के खिलाफ आपराधिक प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। कहा कि भाजपा आइटी सेल की ओर से कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा महानगर अध्यक्ष मीना बछवाण के नेतृत्व में थानाध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि 21 नवंबर को राजपुर रोड़ स्थित वन मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मानव वन्य जीव संघर्ष में हो रही जनहानि के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्लास्टिक की बंदूक का सांकेतिक प्रदर्शन कर जन भावना को प्रदर्शित किया गया था। लेकिन इस घटना को भाजपा आइटी सेल अध्यक्ष शेखर वर्मा व सहयोगियों द्वारा आतंकवादी संगठनों के प्रमुख के रूप में सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया, जो आइटी अधिनियम का उल्लंघन ही नहीं अपितु स्वस्थ राजनैतिक वातावरण को प्रदूषित करने का प्रयास भी है। इसलिए इस कृत्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में संजय मित्तल, विजय माहेश्वरी, प्रवीन रावत, सुनील सेमवाल, अमित रावत, हेमचंद्र पंवार व गणेश नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नशा, अपराध की पहली सीढ़ी पर कदम रखने के समान : एएसपी



कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह।

### नशा मुक्ति होम का 26वां स्थापना दिवस मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के मवाकोट स्थित शफा होम नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना के 26 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

नशा मुक्ति होम में भर्ती लोगो व उनके परिजनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर करता है, बल्कि परिवार और समाज की संरचना को भी गहराई से प्रभावित करता है। कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है, जिसका उपचार केवल सही मार्गदर्शन, आत्मविश्वास और परिवार की समझदारीपूर्ण भूमिका से ही संभव है। नशे का आदी व्यक्ति अपने ही घर से चोरी करने में नहीं हिचकता। इस तरह से वह अपराध की पहली सीढ़ी पर कदम रख लेता है। कहा कि हर व्यक्ति में बदलाव की क्षमता होती है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि वह स्वयं पर विश्वास बनाए रखे और अपने जीवन को फिर से नई दिशा देने का साहस जुटाए। नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करना समाज के हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें, तो एक नशा-मुक्त, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर बाजार चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार व विद्या मेहता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत वन क्षेत्राधिकारी दिल्ली में होंगे सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शैलशिल्पी विकास संगठन के कोषाध्यक्ष सेवानिवृत वन क्षेत्राधिकारी केशीराम निराला को भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा 13 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को यह जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने बताया वे वन विभाग से सेवानिवृत होने के बाद से ही निरंतर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व ज्योतिबा फुले की विचारधारा पर कार्य करते हुए विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए उन्हें अकादमी की ओर से इस सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटिर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# भाकियू के धरने में भी छाया रहा लड़की की बरामदगी का मुद्दा



**बिजनौर (चिंगारी)।** गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं व कुछ स्थानीय मुद्दों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने यहां कलेक्ट्रेट परिसर में डेरा डाल दिया है। यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया कि सभी मुद्दों के हल के लिये कलेक्ट्रेट में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है। धरने में शामिल अधिकतर किसानों ने हाथों में गन्ना ले रखा था। धरनास्थल पर किसानों की सभा हुई, जिसमें वक्तओं ने रोष व्यक्त किया कि एक किसान की बेटी 11 दिन से गायब है और पुलिस उसका पता नहीं लगा पा रही। ग्राम पथरा में 3 माह पूर्व एक किसान की हत्या हुई थी,पुलिस आज तक इसका खुलासा नहीं कर पाई। सभा में गन्ना किसानों की अनेक समस्याएं भी उठाई गईं। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने की और संचालन मुकेश जंघाला ने किया। सभा में लुधियान सिंह, राम अवतार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, दीपक तोमर, विनीत चौधरी, अमित बालियान, संदीप त्यागी, कोमन सिंह, महेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, मुनेश अहलावत, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, देवदत शर्मा, महावीर सिं,अमित चानमान, आशु चौधरी, जितेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र चौधरी, अमरपाल सिंह, गोविंदा, रवि, शेखर तोमर, विनीत मौर्य, अजय बालियान, राजेंद्र सिंह, जय सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। सभा में किसानों की भारी भीड़ मौजूद रही।


गीजर ही गीजर





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476


## 19वीं पुण्यतिथि

# शोक संदेश



**स्वर्गीय वीरबाला कर्णवाल**
**मृत्यु : 26 नवंबर 2006**

आज ही के दिन आप हम सभी को रोता-बिलखता छोड़कर परमपिता परमात्मा के पावन धाम को प्रस्थान कर गई थीं।

आपकी ममतामयी मुस्कान, आपका सरल हृदय, और दूसरों के लिए समर्पित आपका जीवन आज भी हमारी स्मृतियों में अमिट रूप से अंकित है। आपके द्वारा स्थापित धैर्य, संस्कार और मानव सेवा के पवित्र पथ पर निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लेते हुए शोकाकुल परिवार आपको शत-शत नमन करता है। यद्यपि आपके हमसे जुदा हुए उन्नीस वर्ष बीत चुके हैं। परंतु आपका स्नेह, आपकी सीख और आपके आदर्श आज भी हमारे लिए अटूट प्रेरणा-स्त्रोत बने हुए हैं। आपके सपनों को साकार करना और आपके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से चलते रहना ही आपके प्रति हमारे लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। आप सदैव हमारे बीच रहेंगी, हमारे संस्कारों में, हमारे विचारों में, और हमारे जीवन के हर कदम पर।

**-: शोकाकुल परिवार :-**

हरिशचन्द्र कर्णवाल ( पति )

शरद व शिवानी कर्णवाल ( पुत्र व पुत्रवधू )

विराज व युवराज कर्णवाल ( पौत्र )

रीतू व कर्नल संदीप कर्णवाल ( पुत्री व दामाद ), बबली व अनुज कर्णवाल ( पुत्री व दामाद ), मोनिका व किशन कर्णवाल ( पुत्री व दामाद ), जौली व सचिन कर्णवाल ( पुत्री व दामाद ), मिली व रजनीश कर्णवाल ( पुत्री व दामाद ), शिप्रा व अंकुर कर्णवाल ( पुत्री व दामाद ), जूही व प्रणव कर्णवाल ( पुत्री व दामाद )

**निवास : मौ. किला, अफ़ज़लगढ़ (बिजनौर)**

# ग्रामीणों ने धरना दिया, पुलिस ने कई को हिरासत में लिया

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम हमीदपुर में मंदिर परिसर की दीवार के विवाद में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना दिया, जिस पर पुलिस ने ग्रामीणों को हिरासत में ले लिया। मंगलवार की दोपहर हमीदपुर के ग्रामीण मदन सैनी, योगेंद्र सिंह, मनोज कुमार, कृष्णा, रोहतास, भगवत सिंह, सत्यवीर सिंह, आकाश कुमार, धर्मेंद्र, विद्यावती, उमेश, दुलारी और लक्ष्मी देवी सहित कई ग्रामीण नहटौर थाने आये थे। उनका आरोप है कि मंदिर की दीवार विवाद में निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे थे, जिस पर पुलिस मदन सैनी और मनोज कुमार सहित कुछ अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया। सूचना मिलने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे। भाकियू नेता सुजीव चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की। इस संबंध में थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901